# आउटकम बजट 2024–25

**विभाग का नाम–होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं**

विभाग के अन्तर्गत प्रस्तावित प्रमुख एस0डी0जी0– गोल–3 Good health and well being (अच्छा स्वास्थ्य एवं कल्याण) धनराशि लाख रु0 में

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना का उद्देश्य | आउटले / बजट | | 1–4–2023 की वास्तविक स्थिति (भौतिक) | 31–03–2024 की सम्भावित स्थिति (भौतिक) | परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटपुट वर्ष 2024–25 | परिकल्पित (प्रोजेक्टेड) आउटकम वर्ष 2024–25 | आउटकम हेतु सम्भावित समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | राजस्व | पूंजीगत | | | | | |
| 01 | निदेशन तथा प्रशासन (राज्य योजना) | प्रदेश की समस्त जनता को होम्योपैथिक चिकित्साप द्धति का लाभ देने हेतु विभाग में मानव संसाधन की समुचित व्यवस्था किया जाना। विभाग के विभिन्न कार्यो हेतु नीति निर्धारण करना एवं विभाग की विभिन्न स्तर की इकाइंयों पर नियत्रण | 271.71 | 0 | कुल सृजित 31 पदों का अधिष्ठान, जिसके सापेक्ष कुल 08 कर्मचारी आउट सोर्सिंग से तथा 06 नियमित अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यरत | निदेशालय स्तर पर कुल 31 पद स्वीकृत हैं। वित्त अधिकारी पद पर सम्भावित तैनाती एवं विभागीय पदोन्नति एवं स्थानान्तरण के फलस्वरूप कुल 10 नियमित अधिकारी / कर्मचारी कार्यरत | वित्तीय वर्ष 2024–25 में निदेशालय स्तर के रिक्त पदों पर सम्भावित तैनाती के फलस्वरूप विभागीय कार्यो का सुचारू रूप से संचालन हो सकेगा | योजना से चिकित्सा अधिकारी एवं भेषजिक तथा अन्य रिक्त पदों पर नियुक्ति / पदोन्नति से जिला कार्यालयों एवं चिकित्सालयों में मानव संसाधनो की कमी दूर होगी, जिससे गत वर्ष की तुलना में उपचारित रोगियों की संख्या में वृद्धि का अनुमान है एवं अन्य समस्त कार्यों का सम्पादन सुचारू रूप से होगा | 2024–25 |
| 02 | अस्पताल एवं औषधालय शहरी (राज्य योजना) | प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में स्थापित होम्योपैथिक चिकित्सालयों का संचालन एवं नयें चिकित्सालयों का | 1417.24 | 0 | **अधिष्ठान व्यय–** जनपद स्तर पर 13 जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों के पद के सापेक्ष 13 कार्यरत एवं 18 शहरी चिकित्सालयों में कुल | चिकित्साधिकारी के 05 रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी | वित्तीय वर्ष 2024–25 में चिकित्सा अधिकारी 05 एवं भेषजिक के रिक्त पदों पर नियुक्ति | वर्तमान में शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध 18 होम्योपैथिक चिकित्सालयों को सफल संचालन एवं प्राथमिक व द्वितीय स्तर की चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार तथा पर्याप्त औषधियों की | 2024–25 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | निर्माण, स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण | | | 18 चिकित्साधिकारियों के पदो के सापेक्ष 17 चिकित्साधिकारी तैनात तथा भेषजिकों के 18 पदों के सापेक्ष 18 कार्यरत तथा 13 वाहन चालक एवं 26 मिनिस्ट्रियल संवर्ग के पदो के सापेक्ष 15 कर्मचारी कार्यरत | | की जाएगी जिससे अस्पतालों में मानव संशाधनों की कमी दूर होगी | आपूर्ति कर गत वर्ष के सापेक्ष रोगियों की संख्या में लगभग 15 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है एवं चिकित्सा शिविरों के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी | |
| 03 | अस्पताल एवं औषधालय ग्रामीण (राज्य योजना) | प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित होम्योपैथिक चिकित्सालयों का संचालन एवं नयें चिकित्सालयों का निर्माण, स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण | 3115.31 | 0 | **अधिष्ठान व्ययः–** कुल 93 ग्रामीण चिकित्सालयों में चिकित्साधिकारी 93 के सापेक्ष 68 तैनात 94 भेषजिक के सापेक्ष 88 कार्यरत एवं कुल 128 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदों के सापेक्ष 90 कर्मचारी कार्यरत हैं। | प्रदेश के ग्रामीण चिकित्सालयों में चिकित्साधिकारी, के 23 भेषजिक के 5 एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की रिक्त पदों पर नियुक्ति की जानी है | वित्तीय वर्ष 2024–25 में रिक्त पदों पर नियुक्ति/पदोन्नति की जाएगी जिससे अस्पतालों में मानव संशाधनों की कमी दूर होगी | ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध 93 चिकित्सालयों में चिकित्सक फार्मासिस्ट के रिक्त पदों पर नियुक्ति के उपरान्त नियमित संचालन तथा पर्याप्त औषधियों की आपूर्ति कर गत वर्ष के सापेक्ष रोगियों की संख्या में लगभग 15 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है एवं शिविरों के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी | 2024–25 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | जनजाति उपक्षेत्र योजना (राज्य योजना) | उत्तराखण्ड प्रदेश के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र कालसी में होम्योपैथिक चिकित्सालय का संचालन | 38.98 | 0 | जनजाति उपक्षेत्र योजना के अन्तर्गत स्थापित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कालसी में 3 पद सृजित हैं, जिसके सापेक्ष वर्तमान में एक चिकित्सा अधिकारी एवं एक भेषजिक तथा एक कक्ष सेवक तैनात | जनजाति उप क्षेत्र योजना के अन्तर्गत रा0हो0चि0 कालसी में तीन पद स्वीकृत हैं, | होम्योपैथिक चिकित्सालय कालसी मे औषधि एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति कर आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे उपचारित रोगियों की संख्या में वृद्धि होगी | देहरादून के जनजाति बाहुल्य क्षेत्र कालसी में होम्योपैथिक चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार तथा पर्याप्त औषधियों की आपूर्ति कर गत वर्ष के सापेक्ष रोगियों की संख्या में लगभग 15 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है एवं चिकित्सा शिविरों के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी | 2024–25 |

## वित्तीय वर्ष 2024–25 के आउटकम बजट के संबंध में टिप्पणी

होम्योपैथिक विभाग के अन्तर्गत प्रदेश में कुल 148 चिकित्सालय संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें से 27 राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों को होम्योपैथिक हैल्थ एवं वैलनेस केंद्र के रूप में उच्चीकृत किया गया है, जिसके माध्यम से पैथौलॉजिकल जांचे नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, औषधि वितरण एवं प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जाता है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह दिसम्बर, 2023 तक उक्त 27 वैलनेस केंद्रो के माध्यम से कुल 181132 रोगियों का उपचार किया गया तथा प्रदेश में संचालित कुल सभी होम्योपैथिक चिकित्सालयों के माध्यम से 937356 रोगियों का उपचार किया गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष में होम्योपैथिक विभाग द्वारा प्रदेश में स्कूल स्वास्थ्य शिविर एवं डेंगू से बचाव एवं जागरुकता हेतु 796 निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया जिसके द्वारा कुल 80547 लोग लाभान्वित हुए तथा राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत इस वित्तीय वर्ष में 463 आयुर्विद्या शिविरों का आयोजन किया गया जिनके माध्यम से उपचारित/लाभान्वित रोगियों की कुल संख्या 24688 है। उक्त के साथ ही विभाग में वर्तमान में चिकित्साधिकारियों के रिक्त पदों पर चयन की प्रक्रिया गतिमान है, जिनके चयनोपरान्त आगामी वित्तीय वर्ष में कुल उपचारित रोगियों की संख्या में वृद्धि होने का अनुमान है।

# सतत विकास लक्ष्यों हेतु प्रारूप

विभाग का नाम–होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं

| क0 सं0 | SDG संकेतक | 1–4–2023 की स्थिति (भौतिक स्थिति) | 31–03–2024 की सम्भावित स्थिति (भौतिक) | परिकल्पित आउटपुट (भौतिक स्थिति) वर्ष 2024–25 | परिकल्पित आउटकम (भौतिक स्थिति) वर्ष 2024–25 |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **Goal – 3**<br>Good Health and well being (अच्छा स्वास्थ्य एवं कल्याण) | कुल 148 होम्योपैथिक चिकित्सालयों में प्रति लाख चिकित्सकों की संख्या – 1.10 | कुल 148 होम्योपैथिक चिकित्सालयों में प्रति लाख चिकित्सकों की संख्या – 1.45 | चिकित्साधिकारियों के 24 एवं फार्मासिस्ट के 05 रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिय एवं नएं चिकित्सालयों का सृजन प्रस्तावित होने के फलस्वरूप 1 अप्रैल, 2023 की बेसलाइन की तुलना में सतत विकास लक्ष्यों के सन्दर्भ में सभी संकेतांकों में वृद्धि का अनुमान है। | विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्ति के फलस्वरूप चिकित्सालयों में चिकित्सक एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को दूर किया जाएगा, प्रशिक्षित मानव संसाधनों के परिणामतः सस्ती सुलभ सरल एवं प्रभावी होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से लाभान्वित रोगियों की संख्या दिसम्बर, 2023 में 148 चिकित्सालयों के माध्यम से कुल 937356 रोगियों तथा 1259 चिकित्सा शिविरों के माध्यम से 105215 रोगियों का उपचार किया गया, जिसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2024–25 में लगभग 15 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। |
| | | प्रति लाख पैरा मेडिकल स्टाफ की संख्या – 1.34 | प्रति लाख पैरा मेडिकल स्टाफ की संख्या – 1.48 | | |
| | | राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों की संख्या प्रति लाख – 1.11 | राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों की संख्या प्रति लाख – 1.11 | | |
| | | अन्य होम्योपैथिक चिकित्सा केंद्रो (एन0एच0एम0 एवं केंद्र पोषित) की संख्या प्रति लाख – 0.37 | अन्य होम्योपैथिक चिकित्सा केंद्रो (एन0एच0एम0 एवं केंद्र पोषित) की संख्या प्रति लाख – 0.37 | | |